ई, मेल :- dforudraprayag@gmail.com
फोन / फैक्स न0 :- 01364 – 233505::
पता –: माई की मढ़ी निकट जवाडी बाईपास रूद्रप्रयाग

कार्यालय उप वन संरक्षक, रूद्रप्रयाग वन प्रभाग, रूद्रप्रयाग।

पत्रांक :- 498 / 12-1-2- दिनांक 16 / 08 / 2022::

सेवा में

अधिशासी अभियन्ता,
प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0,
रुद्रप्रयाग।

विषय :– **जनपद–रुद्रप्रयाग के अन्तर्गत चोपड़ा उडामाण्डा (पी0एम0जी0एस0वाई0) मोटर मार्ग से बनवालधार (जरम्वाड़) होते हुये बैंजी काण्डई (अनु0बस्ती) तक मोटर मार्ग के निर्माण हेतु 0.1750 है0 वन भूमि का गैर वानिकी कार्यों हेतु वन भूमि हस्तान्तरण प्रस्ताव के संबंध में।**
PROPOSAL NO.- FP/UK/OTHERS/154307/2022

सन्दर्भ :– आपकी पत्र संख्या–2831 / 16सी0 दिनांक 03.08.2022 एवं प्रस्ताव ऑनलाईन प्राप्त दिनांक 05.08.2022 ।

महोदय,

उपरोक्त सन्दर्भित विषयक मोटर मार्ग के निर्माण हेतु वन भूमि हस्तान्तरण प्रस्ताव इस कार्यालय को हार्ड प्रति में दिनांक 03.08.2022 तथा प्रस्ताव ऑनलाईन दिनांक 05.08.2022 को प्राप्त हुआ, जिसका हार्ड प्रति एवं परिवेश पोर्टल पर ऑनलाईन अवलोकन करने पर निम्न कमियां पाई गई–

1. परिवेश पोर्टल के पार्ट– I पैरा-K(a) FRA से संबंधित प्रमाण पत्रों में प्रपत्र संख्या–23.2, 23.3 एवं 23.4 में संख्या, दिनांक एवं हस्ताक्षर अंकित किये बिना ही ऑनलाईन अपलोड किये गये हैं, जबकि हार्ड प्रति में संख्या, दिनांक एवं हस्ताक्षर अंकित किये गये हैं।
2. परिवेश पोर्टल के पार्ट– I पैरा-L Additional information Details के क्र0सं0–6 में SIR रिपोर्ट रिक्त प्रपत्र अपलोड किया गया है, जबकि प्रपत्र प्रभागीय वनाधिकारी के स्थलीय निरीक्षण के पश्चात् अपलोड किया जाना है।
3. वन भूमि हस्तान्तरण प्रस्ताव में संलग्न प्रपत्र संख्या–9 में संरेखण–1 चयनित किये जाने का कारण वाला कॉलम रिक्त है।
4. वन भूमि हस्तान्तरण प्रस्ताव में संलग्न लैण्ड शैड्यूल प्रपत्र संख्या–11.1 में रकवा, लम्बाई, चौड़ाई वाले कॉलम में कुल योग अंकित नहीं किया गया है तथा इकाई भी नहीं दर्शाई गई है।
5. प्रस्ताव में प्रभावित होने वाले वृक्षों से संबंधित प्रमाण पत्र (प्रपत्र संख्या–15 से 15.6 तक) कुल 07 प्रपत्रों को अलग–अलग तैयार कर संलग्न नहीं किया गया है।

उक्त प्रस्ताव (मूल सहित चार प्रतियां) संलग्न कर आपको इस आशय से प्रेषित किया जा रह है कि उक्त कमियों का हार्ड प्रति में संशोधन कर संबंधितों के हस्ताक्षरोपरान्त प्रमाण पत्र परिवेश पोर्टल पर अपलोड करना सुनिश्चित करें एवं पूर्व में अपलोड किये गये उक्त प्रपत्रों को परिवेश पोर्टल से डिलीट कर वन भूमि हस्तारण प्रस्ताव की मूल सहित कुल पांच कलर प्रतियां इस कार्यालय को ऑनलाईन / ऑफलाईन प्रेषित करना सुनिश्चित करें, तत्पश्चात् प्रकरण में अग्रिम कार्यवाही की जानी संभव होगी।

संलग्नक – उपरोक्तानुसार (मूल सहित 04 प्रति)

भवदीय

(हस्ताक्षर)
उप वन संरक्षक,
रुद्रप्रयाग वन प्रभाग, रूद्रप्रयाग।

संख्या – 498 / दिनांकित।

प्रतिलिपि :– अपर प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी वन संरक्षण, इन्दिरा नगर फारेस्ट कालोनी, उत्तराखण्ड, देहरादून को सूचनार्थ प्रेषित।

(हस्ताक्षर)
उप वन संरक्षक,
रूद्रप्रयाग वन प्रभाग, रूद्रप्रयाग।

O/C